**निदेशालय तकनीकी शिक्षा,**
**व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, हिमाचल प्रदेश, सुन्दरनगर।**

**हिमाचल प्रदेश में एस०सी०वी०टी० के अंतर्गत चल रहे संस्थानों में दाखिला सत्र 2025-2026**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेश में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लाड़ाघाट, भंजराडू, सलूनी, उटपुर, हरचकियाँ, कोटला, कोना, रझून, बागाचनोगी, बरोटी, गाडागुसैन, कटौला, कुज्जाबल्ह, लडभरोल, अम्बोया, कौलावालाभूड, कोटि पधोग, कनौला उपरला में एस०सी०वी०टी० के अंतर्गत संचालित व्यवसायों में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा 06 नवम्बर 2025 को संस्थान स्तर पर स्पॉट राउंड आयोजित किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में भाग लेने हेतु ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। जो अभ्यर्थी ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हैं वे अपना पंजीकरण पोर्टल पर कर सकते हैं। पहले से पंजीकृत एवं नए पंजीकृत अभ्यर्थियों को अपने आवेदन पत्र का प्रिंट निकालकर, आवश्यक दस्तावेजों एवं फोटो पहचान पत्र सहित संबंधित संस्थान में व्यक्तिगत रूप से प्रातः 09:30 बजे से 12:30 बजे तक उपस्थित होना अनिवार्य है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी और मेरिट के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जाएगी। प्रवेश मिलने की स्थिति में अभ्यर्थियों को उसी समय संस्थान में निर्धारित शुल्क एवं फंड जमा करवाने होंगे। रिक्त सीटों की जानकारी संबंधित संस्थान से व्यक्तिगत रूप से या दूरभाष के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

अतिरिक्त निदेशक
तकनीकी शिक्षा,
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण,
हिमाचल प्रदेश, सुन्दरनगर

प्रतिलिपि: EDNTEH-F007/13/2025-NCVET-DTE 68242-243 दिनांक: 04/11/2025

1. सचिव, हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला जिला काँगड़ा हिमाचल प्रदेश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है।
2. प्रधानाचार्य, समस्त राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हिमाचल प्रदेश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है।

अतिरिक्त निदेशक
तकनीकी शिक्षा,
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण,
हिमाचल प्रदेश, सुन्दरनगर